झारखण्ड सरकार

कार्यालय – वन प्रमंडल पदाधिकारी, हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल, वन भवन, हजारीबाग

☎ 06546-222339, Fax no.06546-222339, Email- dfo.hazaribaghwest@rediffmail.com

पत्रांकः 2974 दिनांकः 04/09/2020

सेवा में,

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल,
हजारीबाग।

विषयः– *N.T.P.C पकरीबरवाडीह उतरी ब्लॉक कोल माइनींग खनन परियोजना हेतु 331.198 हे0 वन भूमि का अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।*

प्रसंगः– आपका पत्रांक 1960 दिनांक 28.08.2020।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयक परियोजना में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा प्रस्ताव की समीक्षा के कम में दिये गये निर्देश का अनुपालन प्रतिवेदन *निम्नलिखित बिन्दुओं पर केन्द्रित करते हुए समर्पित किया जा रहा है जो निम्नवत है :–*

(1) क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संशोधित वृक्ष गणना सूची समर्पित किया गया है, जिसमें पातन होने वाले वृक्षों की संख्या 49053 से कम कर 30521 किया गया है। परन्तु ऑनलाईन पार्ट–2 में अभी भी पातन होने वाले वृक्षों की संख्या 49053 परलक्षित हो रहा है, जिसे सुधार कर दिया गया है।

(2) क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, हजारीबाग द्वारा आपको Recommendation *करने के कारण बताने हेतु निदेशित किया गया था, जिसके आलोक में आपने अपना* Recommendation Forwarding letter *में अंकित कर समर्पित किया है। इस संबंध में आपके निदेशानुसार* Recommendation *ऑनलाईन पार्ट–2 में अंकित कर दिया गया है।*

(3) प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा Biodiversity conservation, Water Conservation, Soil Conservation, Integrated Wildlife Management Plan (Specific plan based on NKCP) *का* Plan *एवं* Environmental Clecarance *के संबंध में बचनबद्धता पर हस्ताक्षर एवं नाम वाला मुहर अंकित करते हुए कर दिया गया है।*

\\HWD-HP\Users\Public\Forestoffice1\Land Acquisition under F.C.Act\N.T.P.C. Ltd. Projects\NTPC Pakaribarwadih 331 ha-FP-JH-MIN-38798-2019\Letter to CF (FCA Folder) doc- 18 -

(4) प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह– कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, रांची द्वारा दिये गये निर्देशानुसार प्रस्ताव के साथ संलग्न सभी पृष्ठों की संख्या अंकित करते हुए चेकलिस्ट संलग्न किया गया है जिसपर कमांक, विषय, पृष्ठ संख्या तथा Annexure *संबंधी विवरणी अंकित कर दिया गया है।*

अतएव प्रस्ताव में सुधार करते हुए जो इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रस्ताव की आठ मूल प्रति ऑनलाई एवं हार्ड कॉपी में यथोचित अग्रेतर कार्रवाई हेतु भेजा जा रहा है।

<u>अनु0–यथोक्त – प्रस्ताव की आठ प्रति।</u>

आपका विश्वासी

03/08/2020

वन प्रमंडल पदाधिकारी

हजारीबाग पश्चिमी प्रमंडल